Regarding Business of the House

माननीय सभापति **:** मैं आपकी बात को सुनूंगा। कल रेलवे संशोधन विधेयक पर चर्चा हुई है। सभी माननीय दलों के सदस्यों ने चर्चा की है। आप कृपया सुन लीजिए। मैं आपको एलाऊ करूंगा। आप मेरी बात सुन लीजिए।

? (व्यवधान)

1402 hrs.

At this state Shri B. Manickam Tagore, Dr. Rani Srikumar and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, कल रेल संशोधन विधेयक, 2024 पर चर्चा हुई थी।

संसदीय कार्य मंत्री, श्री किरेन रिजिजू जी।

? (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** सर, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के सदस्यों का यह व्यवहार ठीक नहीं है। ? (व्यवधान) बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में हर बिल पर चर्चा के लिए समय तय किया गया था। ? (व्यवधान) कल रेलवे संशोधन बिल पर चर्चा भी बहुत अच्छी तरह से हुई है। आज रेल मंत्री जी को जवाब देना है। ? (व्यवधान) जहां तक जीरो आवर का सवाल है तो स्पीकर सर ने कहा था कि विपक्ष का मुद्दा भी सुनेंगे और पक्ष की तरफ का मुद्दा भी सुनेंगे, लेकिन ये लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर संसद के अंदर आए। ? (व्यवधान) मिलकर यह नियम बनाया गया था कि हम प्लेकार्ड नहीं लाएंगे और तस्वीर वगैरह नहीं लाएंगे, लेकिन इन्होंने नियम तोड़ा है। ? (व्यवधान)

दूसरी बात यह है कि पार्लियामेंट के बाहर रंग-बिरंगे और नए-नए कपड़े पहनकर इन लोगों ने एक तरह का फैशन शो शुरू कर दिया है। ? (व्यवधान) यह चीज हमारी संसद की गरिमा को गिराती है। ? (व्यवधान) इसलिए मैं अपोजिशन पार्टी का खंडन करता हूँ। ऐसा दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। ? (व्यवधान) आपके माध्यम से बीएसी में सब तय किया गया था। आपको रेल मंत्री जी का जवाब सुनना चाहिए। ? (व्यवधान) उसके बाद आज दूसरा बिल, डिजास्टर मैनेजमेंट (अमेंडमेंट) बिल भी लिस्टेड है। उसको भी पेश किया जाएगा और उसको भी सुनने के लिए मैं इनसे आग्रह करता हूँ। ? (व्यवधान) इस तरह का हंगामा करने से कुछ नहीं होगा। इससे देश में गलत संदेश जाता है। हंगामा करने से वोट नहीं मिलते हैं। अच्छा व्यवहार करने से लोग आपको पसंद करेंगे। लोग डिबेट को सुनना चाहते हैं। ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने आपसे एक अपील की है कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में, जिसमें माननीय लोक सभा स्पीकर साहब की अध्यक्षता में आप सभी लोग मिलकर तय करते हैं कि सदन में

क्या-क्या कार्यवाही होगी और जब बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में आपने यह तय किया कि हम रेल संशोधन बिल लेंगे तथा कल आपने और सभी दलों के माननीय सदस्यों ने उस बिल पर चर्चा की, पार्टिसिपेट किया।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अब हमें माननीय रेल मंत्री जी का जवाब सुनना है। शून्य काल का समय खत्म हो चुका है।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय अध्यक्ष जी ने कहा था कि आपको अवसर मिल चुका है। गौरव गोगोई जी, जब निशिकान्त जी ने अपनी बात रख दी थी तो उसके बाद आपको बोलने के लिए अवसर मिला था और आपने संभल का मामला उठाया था। इस तरह से उन्हें भी अवसर मिला था और आपको भी अवसर मिल गया था।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** गौरव जी, आप मेरी बात सुनिए।

? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Shri K.C. Venugopal Ji, kindly listen to me.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति : अगर मैं आपसे चेयर से कुछ कह रहा हूं, तो कृपया आप सुनें।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अध्यक्ष जी ने शून्य प्रहर में कहा था कि पहले हम निशिकान्त जी को बोलने का अवसर देंगे और निशिकान्त जी के बाद गौरव गोगोई जी को बोलने का अवसर देंगे।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप दोनों को बोलने का अवसर मिला है।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अगर आपको लगता है कि शून्य प्रहर में ऐसी कोई बात है, तो आप अध्यक्ष जी से भी मिल चुके हैं और उस पर अध्यक्ष जी का निर्णय होगा।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया माननीय रेल मंत्री जी का रेल (संशोधन) विधेयक, 2024 पर उत्तर सुनें।

माननीय मंत्री जी।

?(व्यवधान)